## न्यूज कार्नर

### युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 5 को

**जागरण नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास विभाग एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 5 मार्च 2025 को शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा में आयोजित होगा। इसका संपूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा सरोज परिहार को सौंपा गया है। मेले में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी मिल सके। प्रदेश सरकार द्वारा इस मेले का उद्देश्य युवाओं को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और स्वरोजगार योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### सहायक सचिव संघ ने किया सीईओ का स्वागत



**जागरण माखननगर ।** विगत दिनों केसला जनपद से माखननगर जनपद पंचायत में स्थानांतरित हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम का स्थानीय सहायक सचिव संघ के पदाधिकारियों ने मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सचिव सहित जनपद स्टाफ मौजूद रहा। स्वागत करने वालों में सहायक सचिव संघ अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व अध्यक्ष मनोज मालवीय, उपाध्यक्ष महेश चौरे, पूर्व उपाध्यक्ष उदित शर्मा, सुनील मीणा, ललित पटेल व सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी सामिल थे ।

### कलेक्टर ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

**जागरण नर्मदापुरम।** शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में शासकीय सेवा में रहते हुए दिवंगत हो चुके शासकीय सेवकों के आश्रितों को योग्यता अनुसार कलेक्टर सोनिया मीना ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये। प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय एसएनजी उमा विद्यालय नर्मदापुरम की माध्यमिक शिक्षक रेशमा मसीह के शासकीय सेवा में रहते हुए निधन के उपरांत उनके आश्रित पुत्र अभिषेक मसीह को जिला राजस्व स्थापना के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्हें आगामी आदेश तक सामान्य निर्वाचन शाखा, नर्मदापुरम में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालय सनखेड़ा, विकासखंड केसला के भृत्य लालता प्रसाद यादव के निधन के पश्चात उनके आश्रित पुत्र हरि नारायण यादव को जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय आदर्श उमा विद्यालय, तवा नगर, भृत्य के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया है।

### मेला ड्यूटी में अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस

**जागरण पचमढ़ी।** महाशिवरात्रि मेले के दौरान अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए 9 कर्मचारियों पर अतिरिक्त दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा कार्यवाही कर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। महाशिवरात्रि मेले के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### पानी की बर्बादी के चलते पर्याप्त प्रेशर के साथ नहीं मिल पा रहा लोगों को पानी

# लीकेज पाइप लाइनों से नालियों में बह रहा लाखों लीटर नर्मदा जल

**जागरण सोहागपुर।** नर्मदा जल परियोजना के तहत शहर में सेंट्रल इंडिया कंपनी द्वारा लगभग 5000 नल कनेक्शन बिछाए गए हैं। करोड़ों रुपए की लागत से इस योजना का क्रियान्वयन उपरांत संचालन शहर में हो रहा है लेकिन ग्राम ईशरपुर से पाइपलाइन के जरिए शहर में वितरित किए जा रहे लाखों लीटर नर्मदा जल की बर्बादी हो रही है। जिन घरों में जलापूर्ति के अन्य स्रोत थे उनमें भी नर्मदा जल कनेक्शन दिए गए हैं जिससे नर्मदा जल पाइपलाइन के तहत प्राप्त किए गए कनेक्शन का समुचित उपयोग आमजन के द्वारा भी नहीं किया जा रहा है इसके कारण भी नर्मदा जल की बर्बादी हो रही है। लोगों के घरों के सामने नर्मदा जल की पाइपलाइन खुली पड़ी हुई है जैसे ही नर्मदा जल परियोजना प्रबंधन सप्लाई चालू करता है कई खुले कनेक्शन से लाखों लीटर पानी नालियों में बह रहा है इस योजना के तहत कई नल कनेक्शन नालियों में पड़े हुए हैं, इनके लीक होने के कारण भी जल की पिचकारी निकल रही है लेकिन इस अव्यवस्था की ओर किसी का ध्यान नहीं है। न तो नगर परिषद प्रबंधन इस और ध्यान दे रहा है न ही पार्षदगण पानी की बर्बादी की ओर ध्यान दे रहे हैं । नर्मदा जल परियोजना प्रबंधन भी कई बार पाइप लाइन की रिपेयरिंग करा चुका है और वह भी अपने आप को असहाय समझ रहा है। सभी जिम्मेदारों की निष्क्रियता एवं इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया जाना समझ से परे है। यहां बड़ा सवाल यह है कि प्रतिदिन नालियों में बह रहे लाखों लीटर नर्मदा जल की बर्बादी का जिम्मेदार आखिर कौन है? जल ही जीवन है इस वाक्य को आमजन भी आखिर कब चरितार्थ करेंगे। इस मामले में नर्मदा जल परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास विश्वकर्मा से बातचीत करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।



### कोई नहीं कर रहा चालानी कार्यवाही

हर साल ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की स्थिति बनती है। पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसते एवं तड़पते लोग दिखाई पड़ते हैं लेकिन उस तस्वीर से भी कोई जल संरक्षण को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जल बर्बादी के लिए जिम्मेदार आमजन पर किसी भी विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही नहीं की जा रही है। नगर परिषद की पुरानी पाइप लाइन से सप्लाई हो या फिर नर्मदा जल परियोजना के तहत सप्लाई की बात हो सभी से पानी की बर्बादी खुलेआम हो रही है लेकिन जल बर्बादी के लिए जिम्मेदार लोगों पर स्थानीय प्रशासन किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने को गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

### खुली पाइप लाइनों से प्रेशर भी हो रहा कम

शहर में इस तरह खुली पाइपलाइन से नर्मदा जल सप्लाई का प्रेशर भी कम हो रहा है जिन घरों में पानी की आवश्यकता है उन घरों में कम प्रेशर से नर्मदा जल सप्लाई पहुंच रही है जिसके कारण हितग्राही भी परेशान हैं। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार परियोजना को संचालित करने में हजारों रुपए प्रति माह की बिजली का व्यय होने के बाद भी योजना का मूल उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। लाखों करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी यदि योजना ठीक-ठाक से चल जाए तो भी दिक्कत नहीं लेकिन यहां इतना पैसा बर्बाद होने के साथ नर्मदा जल की बर्बादी भी हो रही है जो निश्चित रूप से पीड़ा दायक है। नर्मदा जल प्रबंधन सहित स्थानीय प्रशासनिक इकाई को इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु उचित प्रयास करने की आवश्यकता है।

### इनका कहना है ...

नर्मदा जल परियोजना के प्रबंधन का काम नपा को हैंड ओवर नहीं हुआ है। शहर में लगभग 25 प्रतिशत कार्य बाकी है। कई हितग्राहियों के यहां नल कनेक्शन की दरकार है। यदि शहर में कहीं लीकेज की शिकायतें हैं तो इस और प्रबंधन को ध्यान देना चाहिए।
– **राकेश मिश्रा,** सीएमओ

हमारे द्वारा लगभग तीन बार सभी कनेक्शन की रिपेयरिंग कराई जा चुकी है। बार-बार रिपेयरिंग कराना प्रबंधन के लिए संभव नहीं है। कनेक्शन की निगरानी एवं नर्मदा जल बर्बादी के लिए जिम्मेदार लोगों पर चालानी कार्यवाही के लिए अगर नप हमें सहयोग करें तो हम यह काम कर सकते हैं।
–**लालजी पटेल,**इंजीनियर, नर्मदा जल परि.

## ट्रक के नीचे फंसा बाइक सवार जेसीबी की मदद से निकाला



**जागरण पिपरिया।** मंगलवारा बाजार ओवर ब्रिज के पास शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा होते होते बच गया। हुआ यूं कि धान से भरे ट्रक से एक बाइक सवार टकरा गया और बाइक सवार ट्रक के नीचे लगभग आधा घंटा फसा रहा।

स्थानीय नागरिकों ने जेसीबी और जैक की मदद से ट्रक को ऊपर उठाया इसके बाद घायल को बाहर निकाला गया। घायल की पहचान राकेश सरेआम (28) के रूप में हुई है। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि राकेश के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है। फैक्चर की आशंका के चलते एक्स-रे के लिए भेजा गया है। बाद में युवक को जिला अस्पताल रैफ़र किया गया है।

## गाय को राज्यमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर धरना प्रारंभ



**जागरण सोहागपुर।** देशी गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय रेवा सेवा भक्त मंडल के लोगों द्वारा शहर के नवीन बस स्टैंड परिसर के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया है। मां नर्मदा बचाओ जीवन बचाओ के नारे को बुलंद करने वाले श्रद्धालुओं द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उत्तराखण्ड और महाराष्ट्र सरकार जैसे मध्यप्रदेश में भी देशी गौ माता को राज्य माता का दर्जा प्रदान कराने की मांग की जा रही है। इस मुहिम से जुड़े लोगों का कहना है कि भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा कहलाने बाली गौ माता की वर्तमान स्थिति समूचे प्रदेश में बहुत ही दयनीय और अत्यन्त कष्टप्रद हो गई है। गौ माता भूखी प्यासी सड़कों पर भटक रही है एवं दुर्घटनाओं का शिकार होकर प्राण गंवा रही है। इन परिस्थितियों में 24 कोटि देवी देवताओं का अपने अंदर वास कराने वाली गौ माता का पूर्ण संरक्षण अत्यन्त आवश्यक हो गया है। गौ माता सुखी रहेगी तो देश समृद्धशाली और सुखी होगा। अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे बलराम पटेल, केशरी सिंह, जितेंद्र भार्गव, उमेश पटेल, स्टिक रघुवंशी, पोहप पटेल, बिहारी, रघु, नबाब पटेल, रमाकांत मीना, भगवान दास सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश में भी गौ मात को राज्य माता का दर्जा दिए जाने की मांग की है।

## महाशिवरात्रि मेला



**जागरण पचमढ़ी।** शिवरात्रि मेले के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए चौरागढ़ दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अब तक 80 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ दर्शन कर चुके हैं, और शनिवार से मेला समाप्ति तक भीड़ के और बढ़ने की संभावना है।

## जीआईएस में नर्मदापुरम के फूड पार्क की इकाईयों का होगा लोकार्पण

**नर्मदापुरम।** राजधानी भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेशभर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले के औद्योगिक क्षेत्र कीरतपुर एवं पिपरिया स्थित फूड पार्क की इकाइयों का भी वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे ।

## नागरिकों को वितरित किया प्रयागराज त्रिवेणी संगम का जल

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम से पवित्र जल लाकर पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल एवं नर्मदापुर युवा मंडल के सदस्यों ने शुक्रवार को नर्मदापुरम के सातरास्ते पर शहर के लोगों को प्रसाद के रूप में 2 हजार बॉटल जल निःशुल्क वितरित किया गया।



श्री खंडेलवाल ने बताया कि महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा और पवित्र धार्मिक आयोजन है। उनके द्वारा त्रिवेणी संगम से जल लाया गया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से आकर पुण्यलाभ अर्जित करते है। गंगाजल विशेष रूप से प्रयागराज महाकुंभ जाने में असमर्थ लोगों के लिए भी है। यह लोग त्रिवेणी संगम का जल मिलाकर पुण्य स्नान कर धर्म लाभ अर्जित कर सकते है। सबसे पहले विधि विधान से मां गंगा का पूजन किया गया। माँ गंगा की आरती की गई फिर सभी को जल वितरित किया गया। इस अवसर पर नर्मदापुर युवा मंडल के विजय दिवोलिया, मनीष परदेशी , दीपक महालहा, रूपेश राजपूत, कमलराव चव्हाण, ललित विनोदिया, विशाल दीवान, अखिलेश निगम, महेंद्र मेषकर, वीरू पटवा , देवेंद्र राठौर, राजू आसरे , पंकज सराठे, हरि सेवरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा की

**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न मार्गों के निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान आरी से बुधनी वाया बीकोर, बाबई सिरवाड़ से चीचलीकल रैपुरा, वंशीखेरी फुरतला सेंदरवाड़ा से चौराहेट, मोहगांव से डोलरिया खुर्द वाया महेन्द्रवाड़ी, एसएच-22 से बारंगी कटियाखापा, सोहागपुर गुंदरई से चौरगांव रोड, तिनसरी से पचलावरा और पचलावरा से सरी किशोर तक के निर्माणाधीन मार्गों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने रिची से लुचगांव, लुचगांव से रामगढ़ तक उन्नयन के लिए हैवी ट्रैफिक अंतर्गत मार्गों की प्रगति की भी समीक्षा की। पीएमजीएसवाई भाग 3 के प्रगतिरत सेतुओ3 की वर्तमान स्थिति की जानकारी का भी कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेंटेनेंस योग्य सड़कों के प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार कर विभाग को भेजे जाएं, ताकि शीघ्र स्वीकृति प्राप्त हो सके। बैठक में एमपीआरआरडीए के महाप्रबंधक मनोज कुमार चौधरी, सहायक प्रबंधक राजेश उइके और कैलाश जोठे उपस्थित रहे।

## तिलक सिंदूर मेला आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**सिवनी मालवा।** आगामी महाशिवरात्रि के अवसर पर तिलक सिंदूर में लगने वाले मेला को लेकर शुक्रवार को जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक संपन्न हुई। जिसमें मेले की भव्य रूप से तैयारियों के साथ मेला को सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था यातायात प्रबंधन, पेयजल, साफ सफाई, बिजली व्यवस्था की श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं की जाएं ताकि यहां आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि पर तिलक सिंदूर में लगने वाले मेला को लेकर आकर्षक साज सज्जा एवं व्यापक तैयारियां जोर शोर से की जा रही है जिसमें बड़ी तादाद में भक्त जन आकार भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रासेयो इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**जागरण माखननगर।** माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर रासेयो इकाई सलाहकार समिति के मुख्य परामर्श दाता मनीष चतुर्वेदी मुख्य अतिथि, विशेष आमंत्रित अतिथि प्रशांत सोनी, रासेयो के जिला संगठक प्रो डीएस खत्री, महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो आरके चौकीकर, शिविर सहायक राजकुमार पटवा, माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक रागिनी शर्मा, शिक्षक संतोष कुमार अहिरवार, पीएमश्री शासकीय नर्मदा स्नाकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनिल दिवाकर, ग्रंथपाल अजय मेहरा, भूतपूर्व स्वयं सेवक राकेश दायमा एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में रासेयो के मुख्य ध्वज को उतारा गया। तत्पश्चात मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। शिविर का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रो आरएस पटेल द्वारा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए वहीं अतिथियों ने अपने शिविरार्थियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। शिविर दल नायक स्वस्तिक रावत उप दल नायक अमन कीर एवं उत्तम अहिरवार, शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिविरार्थी राजाराम उईके का प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मान किया गया।

#### कथा प्रवचन | ग्राम मारागांव में दीवान परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में कथा वाचक पं. आशीष दुबे ने कहा...

## कृष्ण ही वैतरणी पार कराएंगे इसलिए भगवान का भजन अवश्य करें

**जागरण सोहागपुर।** भगवान कृष्ण ही वैतरणी पार कराएंगे, इसलिए उनका भजन कीर्तन अवश्य करना चाहिए।

यह बात पंडित आशीष दुबे ने ग्राम मारागांव में स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद एवं स्वर्गीय सुमित्रा देवी दीवान की स्मृति में योगेश-मधु, महेश-रंजना एवं वासुदेव-निशा दीवान द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन व्यास पीठ से कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को काम, क्रोध, लोभ, मोह, माया को त्याग कर भगवान के भजन में ध्यान लगाना चाहिए। जगत के पालनहार का भजन कीर्तन हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे मात्र से कर लेने से जीव का उद्धार हो जाता है। जब भगवान पूतना एवं कंस जैसे कई राक्षसों का उद्धार कर सकते हैं तो हम भजन करने वालों का भी वह निश्चित रूप से करेंगे। उन्होंने दलदल में फंसे एक शेर एवं एक गाय की कहानी सुनाते हुए कहा कि जिनका मालिक होता है उनके बाल भी बांका नहीं होता और मालिक हमेशा बचाने का कार्य करता है। और हम सब का मालिक बांके बिहारी हैं।

भागवत कथा के मंच से पंडित दुबे ने पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं से मां नर्मदा सहित अन्य नदियों को प्रदूषित नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नदी नहीं रहेगी तो सदी भी नहीं रहेगी अर्थात यह जीवन भी नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी आस्था का कचरा मां नर्मदा में डालकर नर्मदा मैया के जयकारे लगाते हैं इससे इससे हम नदियों को प्रदूषित करते हैं। ऐसा करने से हम पुण्य के स्थान पर पाप के भागीदार बनते हैं। उन्होंने सभी को मां नर्मदा एवं अन्य नदियों को प्रदूषित नहीं करने का संकल्प भी दिलाया।




### कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक विजयपाल सिंह ने किया व्यास गादी का पूजन

शुक्रवार को विधायक विजयपाल सिंह ने कथा स्थल पहुंचकर कथावाचक पंडित दुबे का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कथा श्रवण की। उनके साथ मिथिलेश चतुर्वेदी, सज्जन दुबे , सोहागपुर से इंद्र कुमार दीवान, हेम कुमार दीवान, राम मोहन पांडे, श्वेतल दुबे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा भी पुराण पूजन कर धर्मलाभ अर्जित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष धर्मावलंबी मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### मुरम परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**जागरण, इटारसी।** पथरौटा थाना क्षेत्र में मुरम के अवैध खनन की सूचना मिलने पर एसडीएम टी प्रतीक राव ने छापामार कार्रवाई कर मौके से एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त की। पथरौटा थाना क्षेत्र आने वाले नागपुर कला निवासी एक व्यक्ति अपने रसूख के बल पर नियमों को ताक में रखकर मुरम का अवैध उत्खनन कर रहा था। लम्बे समय से चल रहे मुरम के अवैध कारोबार की सूचना मिलने पर एसडीएम टी प्रतीक राव ने दलबल के साथ छापामार कार्रवाई कर मौके से एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त की। मामले में खनिज विभाग को सूचना दे दी गई है। ज्ञात रहे कि उक्त व्यक्ति लम्बे समय से मुरम का अवैध खनन कर सप्लाई कर रहा था।

### मंगल भवन अन्यत्र बनाने की मांग

**जागरण, इटारसी।** बांदरी हाई स्कूल मंगल भवन बनने के लिए काफी दिनों से विवाद चल रहा है। आदिवास नेता विनोद वारिवा ने बताया कि बांदरी स्कूल में जगह बहुत काम है और मंगल भवन बन जायेगा तो छात्र छात्राओं को खेलकूद की जगह बहुत काम बचेगी। आदिवासी गरीब बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। श्री वारिवा ने कहा कि गरीब बच्चों के माता पिता के पास पैसा नहीं होता है वे शासकीय स्कूल में बच्चों को भेजते है। मंगल भवन बनने से स्कूल में खेल मैदान की जगह कम हो जाएगी। श्री वारिवा ने शासन प्रशासन से मांग की है कि अन्य शासकीय जगह है वहां पर मंगल भवन बनाया जाए।

### रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात शव

**जागरण, इटारसी।** नागपुर रेलवे ट्रेक पर एफसीआई के पास एक पुरूष का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इटारसी और जुझारपुर के बीच एफसीआई के पास चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। मृतक के पास से ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मामले में अज्ञात मर्ग कायम कर परिजनों की तलाश शुरू कर दी है।

### अलग अलग सड़क हादसे में दो घायल

**जागरण, इटारसी।** सड़कों पर वाहन चालकों की लापरवाही अक्सर देखने को मिलती है। यह ऐसे हठधर्मी वाहन चालक होते हैं जो साथ ही दूसरे वाहन चालकों की जान की परवाह भी नहीं करते हैं। ऐसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर मां कृषि यंत्र खेड़ा के सामने एमपी 09 एचजी 4134 क्रमांक के ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए होरियापीपर निवासी 50 वर्षीय रामभरोस कीर को टक्कर मार दिया। इस हादसे में घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं एक अन्य हादसे में घाटली निवासी 22 वर्षीय संस्कार चौधरी भी घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि न्यास कालोनी स्थित जगदंबा मैरिज गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में आया था। उसी दौरान बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दिया। उक्त दोनों मामलों में सिटी पुलिस ने घायलों की शिकायत पर वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कटाव बढ़ने से 17 वर्ष पूर्व बह गया रपटा, अब पुल बनवाने रहवासियों ने की प्रशासन से मांग**

# नाले पर रपटा नहीं होने से बढ़ी दो वार्डों के बीच दूरी, एक किमी लगाना पड़ रहा फेरा

**जागरण, इटारसी।** पुरानी इटारसी के गोंडी मोहल्ला से सनखेड़ा नाका सीधे पहुंचने के लिए कभी नाले पर रपटा था। लेकिन कटाव बढ़ने से रपटा बह गया तो 17 वर्षों से यहां के रहवासी एक किमी का फेरा करके सनखेड़ा नाका पहुंचते है। इस वार्ड में किसानों की संख्या अधिक होने से संकरे रास्ते से ट्रैक्टर ट्रालियों को निकालने में असुविधा को देखते हुए रहवासियों ने नाले पर पुल बनवाने की मांग की है।

पुरानी इटारसी के गोंडी मोहल्ला और सनखेड़ा नाके का मीठा कुआं क्षेत्र आपस में जुड़े होने के बाद भी दूर हैं। इसकी वजह है कि उक्त दोनों वार्डों के बीच से होकर गुजरा नाला। ऐसे में यदि उक्त दोनों वार्डों के लोगों को एक दूसरे वार्ड में जाना होता है तो इसके लिए उन्हें एक किमी का फेरा लगाना होगा। दरअसल, वार्डवासियों की मानें तो 15 वर्ष पूर्व नाले पर रपटा बना था। इसके अलावा कच्चा रास्ता था जहां से रपटा पार करके दोनों वार्ड के नागरिक आसानी से आवागमन करते थे। लेकिन समय के साथ नाले पर आई बाढ़ के कारण रपटा बह गया। तभी से दोनों वार्डों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। विगत 17 वर्षो से गोंडी मोहल्ला के नागरिक सनखेड़ा नाका और मीठा कुआं पहुंचने के लिए एक किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गोंडी मोहल्ला पहले किसानों की बस्ती थी, अभी भी यहां अधिकांश किसान रहते हैं। खेती के काम आने वाले ट्रैक्टर ट्रालियां निकालने में उन्हें काफी परेशानी होती है। वह इसलिए क्योंकि इस क्षेत्र की सड़कें काफी तंग हैं। तंग सड़कों से ट्रैक्टर ट्रालियां निकालना आसान नहीं होता है। जबकि इसके बगैर किसानों का काम नहीं होता। इसलिए किसानों को अपने ट्रैक्टर दूसरी जगह खड़ा करना पड़ता है। तमाम परेशानियों को देखते हुए विगत दिनों मीठा कुआं क्षेत्र में बनने वाले सरस्वती स्कूल के भूमिपूजन समारोह में आए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से वार्डवासियों ने नाले पर पुल बनाने की मांग की है।



### पुल निर्माण से यह मिलेगी सुविधा

दो वार्डों की दूरियां बढ़ाने वाले नाले पर यदि पुल अथवा पुलिया का निर्माण होता है तो गोंडी मोहल्ला एवं आसपास के अन्य मोहल्लेवासियों को सनखेड़ा नाका पहुंचने के लिए बड़ी सुविधा मिल जाएगी। इससे उक्त वार्डों का विकास होगा। साथ ही मीठा कुआं क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर का निर्माण कार्य किया गया है। स्कूल का निर्माण होने के बाद यहां सनखेड़ा नाका क्षेत्र के अलावा गोंडी मोहल्ला और पुरानी इटारसी के अन्य बच्चे इसी पुल से होकर आसानी से स्कूल पहुंच सकेंगे। यदि पुल का निर्माण नहीं हुआ तो बच्चों के लिए यह स्कूल दूर पड़ जाएगा। पुल निर्माण से रहवासियों को अन्य तमाम सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

### इनका कहना है...

17 वर्ष पूर्व नाले पर रपटा होने से क्षेत्र के नागरिक एवं किसान आसानी से सनखेड़ा नाका पहुंच जाते थे, यहां रहने वाले अधिकांश किसानों की जमीने सनखेड़ा नाका और सनखेड़ा पहुंचमार्ग के किनारे हैं। पुल बनने के बाद बच्चों को स्कूल आवागमन करने के साथ ही किसान अपनी ट्रैक्टर ट्राली आसानी से निकाल सकेंगे। पुल निर्माण के लिए प्रशासन से मांग की गई थी। लेकिन नपा द्वारा इसकी उपेक्षा की जा रही है। क्योंकि पुल निर्माण के लिए नपा द्वारा शासन को 45 लाख की स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जबकि अन्य वार्डों में एक करोड़ से अधिक के काम कराए जा रहे हैं।

**शिवकिशोर रावत**
पार्षद एवं भाजपा वरिष्ठ नेता

–

वार्डवासियों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए रपटा बनाने की योजना बनाई गई है। लगभग 45 लाख की लागत से बनने वाले इस रपटे का प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। स्वीकृति मिलने पर रपटे का निर्माण कराया जाएगा। वार्डवासियों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है।

**पंकज चौरे,** अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद इटारसी

## हादसे का खतरा देख एसडीएम ने टोचन प्रतियोगिता पर लगाई रोक

**जागरण, इटारसी।** ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही टोचन प्रतियोगिता से होने वाले नुकसान हादसों का खतरा देखते हुए एसडीएम ने आदेश जारी कर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं पर पूर्णतः रोक लगा दी।

ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्तर पर टोचन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। जिसमें दो ट्रैक्टरों में विपरीत दिशा में रस्सी बांधकर उन्हें खींचा जाता है। गत दिनों इस प्रकार की प्रतियोगिता घाटली गांव में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता से हादसे का खतरा बना रहता हैं। शुक्रवार को एसडीम टी प्रतीक राव ने आदेश जारी कर अनुभाग क्षेत्र के सभी ग्रामों को शहरी क्षेत्रों में टोचन प्रतियोगिता पर रोक लगाई है। मामले में एसडीम ने बताया कि अगर कोई प्रतियोगिता का आयोजन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने किया तिलक सिंदूर मेला क्षेत्र का निरीक्षण



**जागरण, इटारसी।** शुक्रवार को विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने अधिकारियों के साथ महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले तिलक सिंदूर मेले क्षेत्र का निरीक्षण किया। मेले की तैयारी का जायजा लेते समय विधायक ने भक्तों के आने जाने सहित साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था, बिजली व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा विधायक द्वारा लिया गया। मेले क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान तिलक सिंदूर विकास समिति भट्टी एवं अन्य समिति ने विधायक के साथ बैठक में हिस्सा लिया।

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर तिलक सिंदूर मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। व्यवस्था के लिए अधिकारी के साथ बैठक ली गई है। श्रद्धालुओं के हिसाब से उचित व्यवस्था के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर राजेश वर्मा, विवेक साध, हरि मेहतो, सुनील चौधरी, अर्चना मेहतो, ब्रजकिशोर पटेल, सुनील नागले, डोरीलाल चीचाम, हरि यादव, मस्तान सिंह राजपूत, राजस्व विभाग से तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी, वन विभाग से रेंजर महेंद्र गौर, पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार, पीडब्ल्यूडी से केसी बीलिया, संतोष मीना सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### कल होगा मप्र शिक्षक संघ का निर्वाचन

**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई नर्मदापुरम का निर्वाचन 23 फरवरी को शासकीय एसएनजी उमा विद्यालय नर्मदापुरम में संपन्न होगा।

इस संबंध में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सहसंयोजक कोमल सिंह कुर्मी ने जानकारी देते हुए बताय कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला नर्मदापुरम के निर्वाचन संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप गीते बैतूल एवं जिला पर्यवेक्षक केके गौर भोपाल की उपस्थिति में निर्वाचन होंगे। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई नर्मदापुरम के सभी पदों का निर्वाचन जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एक-एक पदों पर उपाध्यक्ष एवं सह सचिव के 6-6 पदों पर एवं शेष 10 पदों पर कार्यकारिणी का निर्वाचन होना है जिला कार्यकारिणी में 25 पद होंगे। श्री कुर्मी ने शिक्षक संघ के मार्गदर्शक एवं संरक्षक के साथ ही समस्त नगर ब्लॉक तहसील की सभी कार्यकारिणियों के सभी मतदाता आवश्यक रूप से उपस्थित होने की अपील की गई।

## इटारसी के वकीलों ने एडवोकेट संशोधित बिल का किया विरोध, न्यायिक कार्य ठप

### तहसीलदार को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**जागरण, इटारसी।** शहर के वकीलों ने एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में शुक्रवार को हड़ताल की। अभिभाषक संघ इटारसी के नेतृत्व में वकीलों ने न्यायालय में कामकाज से दूरी बनाई।

अभिभाषक संघ के सचिव पारस जैन का कहना है कि प्रस्तावित बिल की धारा 35-ए और अन्य संशोधन वकीलों के मौलिक अधिकारों का हनन करते हैं। यह काला कानून अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक वकालत पर प्रहार करता है।

### जुलूस के रूप में एकत्र हुए वकील, लगाए नारे

दोपहर में बड़ी संख्या में वकील जुलूस के रूप में एकत्र हुए। उन्होंने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद और काला कानून वापस लो के नारे लगाए। वकीलों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार एसएस रघुवंशी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर यह बिल लागू किया गया तो देशभर के वकील आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अधिवक्ता ममता नागेश, मनीष बाजपेई, संतोष गुरयानी, विजय दुबे, राजेश चौरे, रघुवंश पांडे, सुमेर चौहान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे। वहीं न्यायिक कामकाज ठप रहने की वजह से न्यायालयीन कार्य के लिए न्यायालय पहुंचे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्योंकि निर्धारित तिथि के अनेक कार्य लंबित होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के विभिन्न अधिवक्ता संघों और उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ ने भी इस बिल का विरोध किया है।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर बनोरिया को दिल्ली में किया सम्मानित

**जागरण, इटारसी।** विगत दिवस 18 फरवरी को इंटरनेशनल अंबेडकर इंस्टीट्यूट नई दिल्ली में एक दिवसीय ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटक्शन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन, हरिशंकर शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आदि गुरु शंकराचार्य गंगोत्री, स्वामी महेश गिरी चेन्नई एवं जर्मनी एंबेसी के मिस्टर मार्कोस थे। कार्यशाला के अंतर्गत, उपभोक्ताओं के मुख्य 6 अधिकार को विस्तृत से समझाया गया।

कार्यशाला में पूरे भारत से पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे। जिन प्रदेश, संभाग एवं जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियो ने ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटक्शन ऑर्गेनाइजेशन में, बहुत अच्छा बेस्ट परफॉर्मेंस किया, उन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मध्यप्रदेश को प्रथम पुरस्कार जर्मनी एंबेसी के मिस्टर मार्कोस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला द्वारा प्रदेश अध्यक्ष संदीप सूरी एवं दीपक बनोरिया संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम एवं मध्य प्रदेश टीम को प्रदान किया गया। इसी श्रृंखला में मध्यप्रदेश से, उपभोक्ता के क्षेत्र में जागरुक एवं उनकी समस्याओं को हल करने में एक्सीलेंस उत्कृष्ट कार्य के लिए दीपक बनोरिया को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर विशेष रूप से, जर्मनी एंबेसी मिस्टर मार्कोस ने सम्मानित किया। श्री बनोरिया के पुरस्कृत होने पर एडवोकेट संतोष गुरयानी, भारत राजपूत, श्रीमती कमलेश राजपूत, राजकुमार पटेल, मनीष जायसवाल, दीपक मनवारे, राजेश आर्य, विनोद कदम, लाली सलूजा, अखिलेश व्यास एवं रामनारायण पटेल आदि लोगों ने बधाई दी है।

## हमें अपनी मातृभाषा कभी नहीं त्यागना चाहिए: डॉ. मेहता

**जागरण, इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 फरवरी को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को कभी त्यागना नहीं चाहिए, क्योंकि मातृभाषा से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। वर्ष 2025 में हम अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और इस साल की थीम है अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की रजत जयंती उत्सव। यह पिछले पच्चीस वर्षों में भाषाई विविधता को संरक्षित करने और मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समर्पित प्रयासों का स्मरण करता है। उन्होंने पंजाबी भाषा में गुरु गोविंद सिंह के गीत को सुनाया।

डॉ अरविंद शर्मा ने ब्रज भाषा में संगीत को सुनकर विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ रश्मि तिवारी, डॉ. सुसन मनोहर, श्रीमती सुशीला बरबड़े, डॉ पीके अग्रवाल, डॉ मनीष चौरे, वरुण दुबे ने भाषा के महत्व को बताया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में मृदुल पांडे प्रथम, लक्ष्मी भदौरिया द्वितीय, रूपाली पटेल तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में मृदुल पांडे प्रथम, लक्ष्मी भदोरिया द्वितीय एवं गोपाल पांडे तृतीय रहे। संचालन डॉ दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ आशुतोष मालवीय, डॉ राजेश हरियाले, श्रीमती भारती चौधरी एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मवेशियों की धमाचौकड़ी जारी, नपा की अनदेखी

**जागरण, इटारसी।** निराश्रित मवेशियों की तादात निरंतर बढ़ती जा रही है। वह आए दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धमाचौकड़ी मचाते दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं कई बार मवेशियों की धमाचौकड़ी से राहगीर शिकार होकर घायल हो जाते हैं। लेकिन नगर पालिका कार्यालय द्वारा निराश्रित मवेशियों की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है।

शहर में लंबे समय से नपा कार्यालय के द्वारा निराश्रित मवेशियों की धरपकड़ नहीं करवाई गई है। जिसके चलते अब तो आए दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निराश्रित मवेशी विचरण करने के साथ ही धमाचौकड़ी मचाते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई बार तो निराश्रित पशुओं की धमाचौकड़ी आम नागरिकों को बहुत भारी पड़ती है।

## जुआ खेलते चार जुआरी गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** पथरौटा पुलिस ने भट्टी गांव में जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि नाला मोहल्ला निवासी राजेन्द्र कुमार सेन, विक्रम सिंह राजपूत, दीपेन्द्र राजपूत और राजकुमार द्वारा भट्टी गांव स्थित राजपूत प्रीतम राजपूत के फार्म हाउस में जुआ खेल रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करके उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से तीन हजार रुपए और ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हरिओम संस्था ने कराया व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**जागरण, इटारसी।** शांति धाम शमशान घाट जन भागीदारी समिति के सहयोग से हरिओम संस्था ने एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार कराया। जिन दानदाताओं ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया उसमें गोपाल सिद्धवानी, मनोज सारन, अभिदीप छोटू धारगा, डॉक्टर केएल जैसवानी, डॉक्टर धीरज पाठक, आरके बंग शामिल है। इनका आभार शांति धाम समिति के द्वारा किया गया।

**इंतजार | दो करोड़ खर्च होने पर भी नहीं मिला आधा दर्जन ग्रामों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी**

# सिलवानी उद्वहन सिंचाई परियोजना 19 साल से बंद

**जागरण, इटारसी।** केसला विकासखंड के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक आदिवासी ग्रामों के किसानों को लाभान्वित करने के लिए सिंचाई विभाग ने सिलवानी उदवहन परियोजना के तहत करोड़ों रूपए खर्च करके प्रोजेक्ट को पूरा किया था। सन 2004-05 में इसका विधिवत शुभारंभ भी हुआ, लेकिन इस सिंचाई योजना का लाभ क्षेत्र के किसानों को अब तक नहीं मिल सका है। जबकि आदिवासी किसाने के लिए यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट था।

होशंगाबाद जिले के आदिवासी विकासखंड केसला के अंतर्गत तवा डेम के अलावा दो और उदवहन सिंचाई परियोजना मप्र शासन के सिंचाई विभाग ने शुरू की थी। तकरीबन 19 वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक पं गिरिजाशंकर शर्मा के प्रयासों से बारधा और सिलवानी सिंचाई परियोजना का काम पूरा हुआ। लेकिन सिलवानी का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद भी चालू नहीं हो सका। हालांकि सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन, मोटर लगने के साथ ही नहरें भी बनाई थी। परियोजना को पूरा करने में तकरीबन दो करोड़ की राशि खर्च हुई। काम पूरा होने के बाद विधिवत उदघाटन भी हुआ था। लेकिन उसी साल आई नदी में बाढ़ के कारण नदी से पानी खींचने वाली मशीन का सिस्टम बह गया। तब से अब तक इस परियोजना का लाभ क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को नहीं मिला। शासन द्वारा खर्च की राशि तो बर्बाद हुई साथ ही किसानों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया।

### बिजली के तार तक हुए चोरी

सिलवानी प्रोजेक्ट के चालू नहीं होने का एक और कारण बिजली की तार चोरी रहा। बताया जा रहा है कि मोटर चलाने के लिए बिजली की आवश्यकता पड़ने से लगभग बीस किमी बिजली के पोल लगाकर लाईन खींची गई थी। लेकिन चोरों ने लाईन काटकर तार चोरी कर ली। इसके अलावा सिंचाई के लिए नहर में पानी पहुंचाने वाले पाईप भी काटकर चोर ले गए थे। मामला सामने आने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था, पुलिस के प्रयासों से चोर पकड़ाने पर चोरी हुआ माल भी बरामद हुआ, परंतु विभाग की उदासीनता के कारण दोबारा लाईन जोड़ने और पानी की मोटर चालू करने का प्रयास नहीं किया गया।

### यह था योजना का उद्देश्य

केसला ब्लाक के अंतर्गत आने वाले सिलवानी ग्राम के अलावा सोमू खेड़ा, कोतमी माल, भरगदा सहित आधा दर्जन ग्राम के किसानों को सिंचाई की सुविधा मुहैया कराने के लिए सिलवानी उदवहन सिंचाई परियोजना प्रारंभ की गई थी। क्षेत्र में सिंचाई के संसाधन नहीं होने से किसान अपने खेतों में कोदो, कुटकी की बोवनी कर उन्हीं का उत्पादन कर पाते थे, इसलिए उक्त परियोजना की शुरूआत होने से लगभग 3 सौ हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा मिलती, जहां किसान गेहूं सहित अन्य फसल का उत्पादन कर सकते थे। किसानों की आय भी दोगुना बढ जाती, परंतु उदघाटन के बाद से अब तक यह सिंचाई परियोजना प्रारंभ नहीं हो सकी।

### मुख्यमंत्री से की जा चुकी है मांग

सिलवानी उदवहन योजना को प्रारंभ कर किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए क्षेत्र के तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने भी प्रयास किया था। इसके लिए जिले के अधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री तक को भी पत्राचार किया गया था, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके, पानी मिलने से क्षेत्र के किसान धान एवं अन्य फसलों का उत्पादन कर लाभ पा सकते थे। बावजूद इसके विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं गया।

### इनका कहना है...

किसानों को लाभ दिलाने हरसंभव प्रयास किए थे, मुख्यमंत्री से भी पत्राचार किया जा चुका है, ताकि उपेक्षा का शिकार हुई सिंचाई परियोजना को प्रारंभ किया जा सके। लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी कोई हल नहीं निकला।

**अशोक साहू,**
भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष केसला

## विद्यासागर महाराज के 110 किलो अष्ठ धातु से निर्मित चरण कमल होंगे स्थापित



**जागरण, इटारसी।** संपूर्ण भारतवर्ष में आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के 108 चरण कमल स्थापित होने जा रहे हैं। उक्त चरण कमल अष्टधातु से निर्मित लगभग 110 किलो धातु से निर्मित चरण कमल है, जिसे आचार्यश्री के समाधि स्थल डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ में विधि विधान के साथ संकलित कर संपूर्ण भारतवर्ष में अलग-अलग स्थान पर स्थापित किया जा रहा है। इस श्रृंखला में इटारसी जैन समाज के लिए उक्त चरण कमल इटारसी स्थित श्रीपारस नाथ दिगंबर जैन मंदिर में स्थापित होने जा रहे हैं।

श्रीपारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की प्रवक्ता दीपक जैन एडवोकेट ने बताया की जैन आचार्य संत शिरोमणि गुरूवर विद्यासागर महाराज के श्रीचरण कमल का इटारसी में आगमन हो चुका है। जन जन के संत आचार्यश्री के चरण कमल की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ रविवार 23 फरवरी को सुबह ठीक 9 बजे श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर दूसरी लाइन से प्रारंभ होकर, शहर के प्रमुख मार्ग, जय स्तंभ, द्वारकाधीश मंदिर, छोटा सराफा, 9वीं लाइन, 11 लाइन, से तारन तरण मार्ग होते हुए पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी। महान संत के चरणों का दर्शन शोभायात्रा के प्राप्त होंगे। जैन समाज ने सभी स्वजातीय बंधुओं से परिवार सहित शोभायात्रा के दौरान गुरुवर के चरणों की भव्य अगवानी, स्वागत कर, दर्शन प्राप्त कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

**इश्तहार/प्रेस-विज्ञप्ति**

रा.प्र.क्र. 0091 अ-20(3) वर्ष 2024-25

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण महेश कुमार साहू एवं रमेश कुमार साहू दोनों आ. स्व. कोदूलाल साहू निवासी मनोकामना, 5वी लाईन, सराफा बाजार वार्ड नं. 32 इटारसी तह. इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 14 प्लाट नं 37/4 रकबा 352 व.फु. भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदकगण के पिता कोदूलाल साहू आ. स्व. श्यामलाल साहू के नाम दर्ज है। आवेदकगण के पिता भूमिस्वामी कोदूलाल साहू का स्वर्गवास दिनांक 02/07/2009 को हो चुका है एवं आवेदकगण की माता श्रीमति लक्ष्मीबाई का स्वर्गवास दिनांक 05/10/2020 को हो चुका है। भूमिस्वामी कोदूलाल साहू की मृत्यु उपरांत उनके विधिक बारसानो में आवेदकगण है। उनके अलावा अन्य कोई बारसान नहीं है। अतः आवेदकगणों द्वारा भूमिस्वामी कोदूलाल साहू की मृत्यु उपरांत आवेदकगणों का नाम फौती आधार पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है।

उक्त भूमि के विक्रेता का निधन होना बताया गया है। आवेदकगण के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 24/02/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी इटारसी**

## न्यूज कार्नर

### मजदूर संघ का युवा सम्मेलन 23 फरवरी को

**जागरण बैतूल।** मजदूर संघ का भव्य युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से युवा श्रमिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। यह सम्मेलन ठेंगड़ी भवन, भारत माता चौराहा, भदभदा रोड, भोपाल में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने प्रदेशभर के युवा श्रमिकों से 23 फरवरी को भोपाल में आयोजित युवा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन युवा कार्यकर्ताओं को भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा और रीति-नीति से अवगत कराने का महत्वपूर्ण अवसर भी होगा। गुर्जर ने सभी जिलों के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन के युवा साथियों को इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने के लिए प्रेरित करें और इसे सफल बनाएं। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह करेंगे। इस मौके पर संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। भारतीय मजदूर संघ बैतूल के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने बताया कि यह सम्मेलन युवा कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराए।

### महिला ने लगाए आरोप

**बैतूल।** शाहपुर में रहने वाली फरियादी महिला प्रियंका गुप्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके परिवार को जान का खतरा है, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को शाहपुर थाने में नीतू गुप्ता, शक्ति गुप्ता, जानवी गुप्ता और अंजेय गुप्ता के खिलाफ धारा 294, 323, 458, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। लेकिन अब पुलिस ने धारा बदलकर आरोपियों को थाने से ही जमानत दे दी। प्रियंका गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें राहत दे रही है।

## एकजुट हुए आदिवासी समाज के लोग, बैठक में जताई नाराजगी

# 14 लाख एकड़ जमीन डूब क्षेत्र में किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जागरण, बैतूल।**

विश्व की सबसे बड़ी ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना का विरोध लगातार तेज हो रहा है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भारी विस्थापन होगा, जिसे लेकर हरदा भीलट (जिला अमरावती, महाराष्ट्र) में महापंचायत आयोजित की गई। इस महापंचायत में बैतूल, खंडवा और अमरावती जिलों के हजारों प्रभावित किसान, आदिवासी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पंचायत में मौजूद लोगों ने परियोजना को अवैध करार देते हुए इसे तुरंत निरस्त करने की मांग की।



बैठक में धारनी के पूर्व विधायक राजकुमार पटेल, बैतूल कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, जयस प्रदेश संयोजक जामवन्त सिंह कुमरे, स्वशासन ग्रामसभा बुद्धिजीवी हेमंत सरियाम, पूर्व विधायक प्रत्याशी राहुल चौहान, रामा ककोडिया, नीतू ककोडिया सहित 25 गांवों के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और आदिवासी प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एकमत से कहा कि ताप्ती मेगा रिचार्ज प्रोजेक्ट से हजारों परिवार बेघर हो जाएंगे, उनकी जमीन डूब क्षेत्र में आ जाएगी और प्राकृतिक संसाधनों पर उनका अधिकार खत्म हो जाएगा।

**- सरकार की मनमानी के खिलाफ आदिवासियों का आक्रोश**

पूर्व विधायक राजकुमार पटेल ने कहा कि साल 2015 में जब बांध परियोजना को लेकर हलचल शुरू हुई, तब 15 से 20 गांवों के लोगों ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया। आदिवासी समुदाय का विरोध इतना प्रभावी था कि महाराष्ट्र सरकार को बैकफुट पर जाना पड़ा। उन्होंने बताया कि 2014 में जल संसाधन विभाग की टीम जब 15 ट्रक और 20 ट्रैक्टर लेकर जमीन का सर्वेक्षण करने पहुंची थी, तो स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए मशीनों को तोड़ दिया और अधिकारियों को भागने पर मजबूर कर दिया था।

हेमंत वागद्रे ने कहा कि इस परियोजना का सीधा फायदा राजस्थान और गुजरात को होगा, जबकि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। लाखों एकड़ उपजाऊ जमीन डूब जाएगी, जिससे हजारों परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। राहुल चौहान ने कहा कि सरकार एक तरफ आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति को बचाने की बात करती है, लेकिन दूसरी ओर उन्हें उनकी ही जमीन से बेदखल कर टाइगर रिजर्व, फैक्ट्री और बड़े-बड़े कारखानों के नाम पर विस्थापित किया जा रहा है। जयस प्रदेश संयोजक जामवन्त सिंह कुमरे ने कहा कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सरकारें इस परियोजना को लेकर तेजी से काम कर रही हैं, लेकिन आदिवासी समुदाय इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। परियोजना के कारण लगभग 14 लाख एकड़ भूमि डूब क्षेत्र में आ जाएगी, जिससे हजारों किसान और आदिवासी प्रभावित होंगे। उन्होंने मांग की कि संविधान के तहत 5वीं अनुसूची और पेसा कानून का पालन किया जाए और आदिवासी भूमि को संरक्षित किया जाए.हेमंत सरियाम ने कहा कि इस परियोजना को रोकने के लिए संविधान के लचीले और कठोर प्रावधानों के तहत कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। अगर सरकार नहीं मानी तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि 1980 में यह परियोजना प्रस्तावित की गई थी, लेकिन स्थानीय विरोध के चलते इसे लागू नहीं किया जा सका। अब एक बार फिर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सरकारें इस परियोजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं, जिससे प्रभावित ग्रामीण और आदिवासी समुदाय में भारी आक्रोश है। यह परियोजना महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में ताप्ती नदी पर बनाई जा रही है, जिसके तहत विश्व का सबसे बड़ा जल पुनर्भरण बांध बनाया जाएगा। इससे बड़े पैमाने पर जल संग्रह किया जाएगा, बल्कि राजस्थान और गुजरात तक जल आपूर्ति करने की योजना है। लेकिन इस परियोजना से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी इलाकों में हजारों गांव जलमग्न हो जाएंगे, जिससे विस्थापन का संकट खड़ा होगा। महापंचायत में यह निर्णय लिया गया कि इस परियोजना को किसी भी हाल में नहीं बनने दिया जाएगा। आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे और सरकार पर दबाव बनाया जाएगा कि इस परियोजना को तुरंत रद्द किया जाए।

## मजदूरी के 37 हजार 500बकाया रखने का आरोप

**जागरण, बैतूल।** जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां अम्बादेवी मंदिर धारूल में हुए भवन निर्माण कार्य में मजदूरी कर चुके एक मजदूर ने समिति के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत सावंगी निवासी हनवंतराव लिखितकर ने आठनेर थाने में शिकायत देते हुए बताया कि वह एक छोटे किसान हैं और राजमिस्त्री का कार्य कर अपनी आजीविका चलाते हैं। हनवंतराव के अनुसार, मां अम्बादेवी मंदिर समिति द्वारा मंदिर भवन के लेंटर के लिए सेंटरिंग लगाने का कार्य दिया गया था। संदीप सोनी सहित अन्य लोगों ने उनसे संपर्क कर कहा कि समिति अध्यक्ष भोजराज गायकवाड, गोपाल देशमुख और हरी रिखाते ने उन्हें भेजा है। उन्हें बताया गया कि सेंटरिंग का कार्य करने पर प्रति दिन 400 रुपये मजदूरी दी जाएगी। 1 जनवरी 2023 को हनवंतराव ने मां अम्बादेवी गुफा मंदिर पर लगभग 2500 वर्गफुट जगह पर सेंटरिंग लगाई और करीब दो महीने तक कार्य किया। इस दौरान उन्हें केवल 5 हजार रुपये सेंटरिंग ले जाने के भाड़े के रूप में भोजराज गायकवाड ने अपने घर पर दिए थे। जब उन्होंने अपनी मजदूरी और सेंटरिंग का कुल बकाया 37 हजार 500 रुपये मांगे, तो समिति के किसी भी सदस्य ने इस पर विचार नहीं किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने समिति अध्यक्ष भोजराज गायकवाड से राशि मांगी, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि अब उनके पास कुछ नहीं बचा। वहीं, समिति से जुड़े पप्पू मुलिक ने कहा कि वर्तमान में मंदिर की व्यवस्था केलबीरा निवासी धनराज गावंडे देख रहे हैं, इसलिए उन्हीं से बात करें। जब हनवंतराव ने धनराज गावंडे से संपर्क किया, तो उन्होंने कह दिया कि उन्होंने उन्हें सेंटरिंग लगाते हुए नहीं देखा, इसलिए वह पैसे नहीं देंगे। इसी तरह, समिति के सचिव मुकिंदराव सोनारे ने भी मजदूरी देने से इनकार कर दिया और कहा कि जो करना है कर लो, पैसे नहीं दिए जाएंगे। हनवंतराव ने बताया कि उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सेंटरिंग का कार्य किया था। गरीब मजदूर ने पुलिस से अनुरोध किया है कि उसकी मेहनत की कमाई उसे दिलवाई जाए।

## गेंहूबारसा स्कूल में 9वीं के विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल

**जागरण, मुलताई।** दूसरे ग्रामों से पैदल आने विद्यार्थियों को आवागमन में परेशानी ना हो इसलिए शासन की ओर से साइकिल वितरित की जा रही है। जिसके चलते शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेहूबारसा के नवमी कक्षा के ग्राम रगडगाव,दाबका,कुमुद्रा,अजबगड,डूडर,नागाठाना से पढ़ने के लिए पैदल आ रहे विधार्थी को शुक्रवार विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने साइकिले वितरित की। छात्राओं ने भी विधायक सहित मध्य प्रदेश शासन को धन्यवाद दिया। विधायक देशमुख ने कहा शासकीय योजना के तहत दूसरे ग्रामों से आने वाले विधार्थीयो को साइकिल वितरित की जा रही है,जिससे उन्हें पैदल ना चलना पड़े। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों में भी अव्वल नंबर रहना चाहिए।आज के समय में शासकीय स्कूलों में बहुत सी सुविधाएं एवं अच्छी पढ़ाई व अच्छे शिक्षको द्वारा पढ़ाई कराई जा रही है, जिससे हर स्कूल में अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यार्थी उत्तीर्ण हो रही है। ऐसे में पालकों को शासकीय स्कूल में ही अपने बच्चों को प्रवेश दिलाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य घनश्याम आजाद,सुरेश आजाद,संदीप साहू,कुमरे मासाब ,समाजसेवी राजेश पाठक एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## सोनेगांव में धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**जागरण, मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम सोनेगांव में बुधवार को छत्रपति शिवाजी युवा संगठन सोनेगांव ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूम धाम से मनाई। इस अवसर पर बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज, जीजा बाई, और राम दरबार,झाकिया रथ में विराजमान कर निकाली गई ।जिसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ।बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए छत्रपति शिवाजी युवा संगठन सोनेगांव ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र सभी बच्चों को इनामी राशि सहित भेंट किए ।इस अवसर पर भजन मंडली को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी युवा संगठन के जिला अध्यक्ष शुभम बर्डे, ग्राम कुजबा के छत्रपति शिवाजी युवा संगठन के साथी, ग्राम बाबरबोह के छत्रपति शिवाजी युवा संगठन के साथी उपस्थित हुए ।वहीं गाँव के आस पास के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मंच संचालक और संगठन संरक्षक परसराम दरवाई ने बताया छत्रपति शिवाजी महाराज का ऐसा भव्य और व्यवस्थित कार्यक्रम गाँव मे पहली बार देखने को मिला और आगे भी ऐसे ही अच्छे कार्य संगठन द्वारा होते रहे ।संगठन अध्यक्ष सचिन कुमार चडोकर ने बताया इस अवसर पर कक्षा 5वी,8 वी एवं 10वी,12वी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे सचिन चडोकार, नितिन दरवाई, गनपत लोखंडे, दीपक पारखे, हेमंत कवडकर कपिल फाटे,पवन,पंकज,गुलशन, अमित, यश,तारेंद्र, पंकज,महेश,चंदन, मयंक,अर्जुन, आकाश,राजेश, निखिल,महेंद्र,हरिओम,हिमांशु, कपिल,उमेश,कलश,रोशन,सागर, राहुल फाटे सहित समस्त छत्रपति शिवाजी युवा संगठन के साथी उपस्थित रहे।

## रात्रि 10 बजे के बाद नही बजेंगे डीजे,टीआई ने ली लॉन एवं डीजे संचालको की बैठक



**जागरण, मुलताई।** नगर सहित थाना क्षेत्र में रात्रि 10 बजे के बाद डीजे नही बजेंगे, रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह बात गुरुवार को टीआई देवकरण डहेरिया ने थाना परिसर में डीजे एवं लान संचालको जी बैठक लेकर कही। बैठक में नगर के लान संचालक एवं डीजे संचालक उपस्थित थे। टीआई डहेरिया ने कहा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध है ।जिसके अनुसार सिर्फ 10 बजे तक ही दूजे4 संचालित करे ।उन्होंने लान संचालको को निर्देशित किया कि लान में आने वाले वर पक्ष या वधु पक्ष सभी की आईडी अपने पास लेकर रखे। यदि संदिग्ध स्थिति निर्मित होती है,आईडी से पहचान हो सके। वहीं उन्होंने लान संचालको से लान में सीसीटीवी कैमरे भी लगाने का अनुरोध किया है।

### श्रद्धालुओं के आने-जाने, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की

# महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने डमरूघाटी शिवधाम में ली बैठक

**जागरण गाड़रवारा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गाडरवारा स्थित डमरूघाटी शिवधाम परिसर में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में डमरूघाटी के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक ली। उन्होंने यहां संबंधित एसडीएम एसडीओपी सीएमओ को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने डमरूघाटी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं के आने. जाने की व्यवस्थाए प्रकाश व्यवस्था पूजन व्यवस्थाए सुरक्षा व्यवस्थाए वाहन पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यातायात व आवागमन को सुचारू बनाये रखने के लिए डायवर्सन प्वाइंट



व ट्राफिक्र प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का पूजन. अर्चन करने आना होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि इन श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार तैयारी हो।

श्रद्धालुओं की सहूलियत का विशेष ध्यान रखें। बारी. बारी से श्रद्धालु दर्शन करने जायें। फायर बिग्रेडए स्वास्थ्य टीम आदि की भी व्यवस्था हो। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने डमरू घाटी का भी निरीक्षण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने शक्कर नदी पुल के पास रेट घाट पर लगने वाले मेले के बारे में जानकारी दी। बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे डमरूघाटी समिति के अध्यक्ष हंसराज मालपानी अशोक काबरा बसंत डागा चंद्रकांत शर्मा जिनेश जैन रामगोपाल अग्रवाल सुभाष जैनकन्हैया यादव समिति के अन्य सदस्य और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आचार्य विद्यासागरजी महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर ध्यान योग का आयोजन



**जागरण गाड़रवारा।** आचार्य गुरुवर 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर सिद्ध एरा इंस्टीट्यूट में अर्हम ध्यान योग का आयोजन अर्हम अंतरप्पा एवं साधकों द्वारा कराया गया। आचार्य गुरुवर के परम प्रभावक शिष्य आचार्य प्रणम्य सागर जी महाराज की प्रेरणा ष् अर्हम ध्यान योग ष् से विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान का महत्व बताते हुए इस शिविर को संपन्न किया गया। यह शून्य से अनंत की यात्रा है जिससे मानसिक एवं शारीरिक बल में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों को इसका परिचय कराते हुए अंतरप्पा श्रीमती नम्रता जैनए श्रीमती रुचि जैनए श्रीमती स्वाति जैनए कुमारी अनुश्री जैन एवं कुमारी सौम्या जैन ने इसका महत्व समझाया एवं प्रशिक्षण दिया। जिसमें सिद्ध एरा इंस्टीट्यूट की संचालिका कुमारी सेजल जैन एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उनका मानना है की ऐसे प्रशिक्षणों से युवा मस्तिष्क को बल एवं निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है।

### शिक्षा केंद्र कन्या नवीन मे बैठक आयोजित

**गाडरवारा।** जनशिक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन गाडरवारा की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी ने कहा कि 5 और 8 वी की वार्षिक परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा मे शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जनशिक्षक मो अपसार खान ने कहा कि प्रधानपाठको की जिम्मेदारी हैं कि बच्चों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय पर उपस्थित कराएं। परीक्षा मे शामिल हो रहे बच्चों को प्रवेश पत्रों का वितरण जल्द कराएं। बैठक मे जनशिक्षा केंद्र की अधीनस्थ शालाओं के प्रधानपाठक उपस्थित रहे

### एनएफडीपी पोर्टल पंजीयन अंतिम तिथि 22 फरवरी

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ लेने के लिए जिले के मछुआरों मत्स्य पालकों मत्स्य विक्रेताओं प्रसंस्करण कर्ताओं और मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े अन्य व्यवसायियों को 22 फरवरी तक नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है। इसके लिए संबंधित अपनी बैंक पास बुक आधार कार्ड पेन कार्ड सहकारी समिति हेतु आदि दस्तावेज के साथ जिला पंचायत नरसिंहपुर के परिसर स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग नरसिंहपुर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के बिना संबंधित हितग्राही को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। सहायक संचालक मत्स्योद्योग नरसिंहपुर ने बताया कि भारत सरकार ने 8 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अनुमोदित की है। इस योजना के तहत मुख्यतरू उन्नत सेवा प्रदान करने के लिए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से मछुआरों मत्स्य पालकों मत्स्य विक्रेताओं प्रसंस्करणकर्ताओं और मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े अन्य व्यवसायियों का कार्य आधारित पहचान पत्र देकर मत्स्य उद्योग मत्स्य उत्पादन के असंगठित क्षेत्र को क्रमिक रूप से व्यवस्थित कर संगठित किया जायेगा। 22 फरवरी तक नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म. एनएफडीपी पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना आवश्यक है।

## महाकौशल शुगर मिल तौल कांटे में गड़बड़ी

**जागरण,नरसिंहपुर।** महाकौशल शुगर मिल बचई प्रति वर्ष अपनी कारगुजारियो के चलते सुर्खियों में रहती है कही जमीनी विवाद तो कही पर्यावरण की समस्याए फेर लाइन पर जाम लगना यह ऐसी मिल है जहा सिर्फ और सिर्फ



पैसा पैदा करने पर पूरा ध्यान दिया जाता है। सभी नियम कानून को ताक पर रखकर संचालित शुगर मिल का एक और कांड सामने आया जिसमे किसानों को प्रति क्विंटल पर 30 किलो का चूना लगाया जा रहा था। जिसकी शिकायत पर जांच हुई और 30 किलो का अंतर सामने आया इसके बाबजूद कोई मजबूत कार्यवाही नही की जावेगीए क्योंकि मिल मालिक का रूतवा बड़ा है जिसके लिए कानून व्यवस्था भी काम नहीं करती। महाकौशल बचई शुगर मिल में तौल कांटे चेकिंग ; जांच द्ध के दौरान चार तौल कांटों में से एक तौल कांटे में 30 किलो की गड़बड़ी सामने आई जिसे जिला नापतौल अधिकारी रंजीत ढोके द्वारा सत्यापित होने तक सील कर दिया गया है । किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी द्वारा यह मांग की गई है कि तोल कांटे में गड़बड़ी पाए जाने पर नाप तौल विभाग द्वारा इसके पूर्व 8 जनवरी को बचई शुगर मिल के तौल कांटे चेक किए गए थे। तब से अभी तक उस कांटे से जीतने भी किसानों का तौल कर गन्ना खरीदा गया है उन सभी किसानों को तब से अब तक का 30 किलो का पैसा जोड़कर दिया जाएए एवं हर वर्ष बचई शुगर मिल के कांटे में गड़बड़ी पाई जाती हैए किसानों के साथ धोखा होता है फिर भी मिल प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है । जांच के दौरान जिला अधिकारी रंजीत ढोके एवं किसान मजदूर महासंघ से प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेलए संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधीए जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी जिला सदस्य मयंक राय एवं बचई शुगर मिल में उपस्थित किसान एवं बचई शुगर मिल मैनेजर त्रिपाठी सहित अन्य मिल कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# कलेक्टर ने बर्ड फ्लू को लेकर पोल्ट्री फार्म संचालकों की बैठक, सभी जरूरी एहतियात बरतने के निर्देश

**जागरण,नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में एसडीएम सभाकक्ष गाडरवारा में बर्ड फ्लू को लेकर पोल्ट्री फार्म संचालक तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा एवं सेवायें डॉ मोहम्मद असगर ने बताया गया कि जिले में अभी तक बर्ड फ्लू का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि फिर भी जिले के कुक्कुट पालकों व व्यवसायियों द्वारा बर्ड फ्लू रोग से बचाव एवं रोकथाम के लिए पोल्ट्री फार्मों में पर्याप्त साफ सफाई बरतना आवश्यक है। कुक्कुट पालकों से कहा कि मुर्गियों में बीमारी की सूचना मिलने पर तत्काल जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग को दें। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि अमला मुर्गियोंए कौओंए प्रवासी पक्षियों आदि में असामान्य मृत्यु व बीमारी की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सैंपल लिया जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने पोल्ट्री एवं पोल्ट्री उत्पाद बाजार पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये। साथ ही नमूने एकत्र कर जांच के लिए लैब भेजने को कहा। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉण् असगर खान ने मुर्गे. मुर्गियों की बीमरियों से बचाव के लिए और बर्ड फ्लू. एवियन इंफ्लूऐंजा से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मुर्गे. मुर्गियों की बीमारियों से बचाव के लिए दूरी बनाये रखनेए साफ सफाई रखनेए पोल्टी फार्म में बीमारियों को प्रवेश करने से रोकनेए पोल्ट्री फार्म से उपकरण उधार न लेनेए संकेतों को जाननेए बीमारी की सूचना और बर्ड फ्लू. एवियन इंफ्लूऐंजा से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी है ।उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉण् खान ने बताया कि पक्षियों को बर्ड फ्लू एवं अन्य कई बीमारियां हो सकती हैं। ये बीमारियां एक पक्षी से दूसरे पक्षी में व दूषित पानी से अथवा प्रभावित पक्षी के मल.मूत्र पंखों आदि के जरिये पूरे झुंड को तेजी से प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने इसके बचाव के लिए विभिन्न तरीके अपनाने की अपील की है। पक्षियों को बाड़े में बंद रखियेए केवल पोल्ट्री फार्म की देखभाल करने वालों को ही पक्षियों के पास जाना चाहिये। अनावश्यक लोगों को बाड़े में प्रवेश नहीं करने दें और मुर्गे. मुर्गी को दूसरे पक्षियोंध् पशुओं से नहीं मिलने दें। पक्षियों के बाड़ों को साफ सुथरा रखें और पक्षियों का भोजन और पानी रोजाना बदलें। पोल्ट्री फार्मध् बाड़े को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त करते रहें। उन्होंने बताया कि अपने आपको और बाजार से या अन्य फार्मों में अन्य पक्षियों के सम्पर्क में आने वाली हर चीज की साफ सफाई रखें। नये पक्षी को कम से कम 30 दिन तक स्वस्थ पक्षियों से दूर रखें। बीमारी को फैलने से रोकने या बचाव के लिए पोल्ट्री के सम्पर्क में आने से पहले और बाद में अपने हाथए कपड़ों और जूतों को धोयें तथा संक्रमण मुक्त करें। यदि आप अन्य फार्मों से उपकरणोंए औजारों या पोल्ट्री को उधार लेते हैंए तो अपने स्वस्थ पक्षियों के सम्पर्क में आने से पहले भली.भांति उनकी सफाई करें और संक्रमण मुक्त करें। पक्षियों पर नजर रखें। यदि अधिक पक्षी मर रहे हैंए आंखोंए गर्दन और सिर के आसपास सूजन हैए रिसाव हो रहा हैए पंखों कलगी या टांगों का रंग बदल रहा है और पक्षी अंडे कम देने लगे हैंए तो सब खतरे के संकेत हैं। पक्षियों में अचानक कमजोरी व पंख गिरने और हरकत कम होने पर नजर रखें। पक्षियों में असामान्य बीमारी अथवा मौत की सूचना तुरंत नजदीकी पशु उपचार केन्द्र को दें।

### आवश्यक सावधानियां

बीमार मुर्गियों के सीधे सम्पर्क में न आयें। दस्ताने या किसी भी अन्य सुरक्षा साधन का इस्तेमाल करें। बीमार पक्षियों के पंखए श्लेषमा. म्यूकस और बीट को न छुयें। छुये जाने की स्थिति में साबुन से तुरंत अच्छे तरीके से अपने हाथों को धोयें। मुर्गियों को बाड़े में रखें। बीमारी अथवा मरे हुए पक्षियों की सूचना तुरंत पशु पालन विभाग की निकटतम संस्था को दें। बर्ड फ्लू रोग के संबंध में अनावश्यक भ्रांतियों व अफवाहों से सावधान रहेंए जिससे जनसमुदाय में भय व्याप्त न हो। बैठक में एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारेए पशु पालन विभाग के अधिकारी. कर्मचारी मौजूद थे।

# पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार, टिमरनी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## सभी आरोपी उत्तरप्रदेश के, एक देशी पिस्टल मय जिंदा राउंड, धारदार लोहे का बका, चाकू और सरिया जब्त



**जागरण, हरदा।** पुलिस अधीक्षक हरदा अभिनव चौकसे के कुशल मार्ग दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरडी प्रजापति एवं राजेश्वरी महोबिया तथा एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया के निर्देशन में थाना टिमरनी की पुलिस टीम को डकैती की योजना बनाने वाले आरोपीयो की गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उक्त जानकारी जिले के पुलिस कप्तान अभिनव चौकसे ने स्थानीय पुलिस कंट्रोल में पत्रकारों को जानकारी दी। श्री चौकसे ने बताया कि दिनांक 20/01/25 को रात्रि 23.50 बजे थाना टिमरनी पर दूरभाष पर मुखबीर से सूचना मिली कि राधास्वामी संत्संग आश्रम के पास खेत में पांच से छः लोग संदिग्ध हालत में हथियार लिये बैठे हैं, जो कोई घटना करने की फिराक में हैं। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी टिमरनी हमराह फोर्स एवं गवाह के साथ रवाना होकर मुखबिर व्दारा बताये स्थान से कुछ पहले दुरी पर पहुंचे। वहां दूर से लुके छुपे देखा गया कि राधास्वामी आश्रम के बाजू में निर्माणाधीन मकान के सामने पाँच-छः लोग संदिग्ध हालत में दिखे, मौके पर पुलिस की तीन टीमें बदमाशों को रेड करने हेतु बनाई गई। मुताबिक योजना के लुके छुपे हालत में राधास्वामी सत्संग आश्रम दीवार की आड के पास पहुँचे वहां बदमाशों की बातें सुनी, जो राधास्वामी सत्संग आश्रम के बाजू में पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। जिन्हें उपलब्ध बल तीनों तरफ से पूर्ण विश्वास होने पर लाईट का ईशारा कर घेर कर पकडा तो आरोपी ने छिदगांव रोड तरफ भागने का प्रयास किया, जिन्हे फोर्स की मदद से पकड़ा। संदेहीयों से पूछताछ में उन्होने अपने नाम हरिशंकर पिता नाथूराम अहेरिया उम्र 33 साल निवासी रोहना मिर्जापुर थाना अबागढ़ जिला ऐटा उत्तरप्रदेश, कोमल सिंह पिता जंगबहादुर सिंह अहेरिया उम्र 44 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस उत्तरप्रदेश, मुकेश पिता उदलसिंह अहेरिया उम्र 30 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस उत्तरप्रदेश, श्रीवेश सिंह पिता श्रीकिशन अहेरिया उम्र19 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस उत्तरप्रदेश, गौरव पिता महेश शर्मा उम्र 24 साल निवासी ग्राम एहन थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस उत्तरप्रदेश, राजपाल पिता ओमप्रकाश सिंह अहेरिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस उत्तरप्रदेश बताया गया। आरोपीगण हरिशंकर से एक देशी पिस्टल मय एक जिन्दा राउंड, कोमल से धारदार लोहे का बका, मुकेश से लोहे का सरिया, श्रीवेश से एक लोहे का सरिया, गौरव से एक लोहे का छुरा, राजपाल से एक बांस की लाठी जप्त की गई। आरोपिया के विरूध्द थाना टिमरनी में धारा 310(4), 310(5), 310(06) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

### आरक्षक की पत्नि के बैग से की 8 लाख की चोरी कबूली

आरोपीगणों से सख्ती पूछताछ करने पर थाना टिमरनी बस स्टैंड से बस में से कपडे के बैग से सोने चांदी के जेवर तथा नगदी 50 हजार रूपये आरोपी श्रीवेश व्दारा साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया है।

### बस स्टैण्ड हरदा से 12 लाख की चोरी कबूली

वहीं आरोपी हरीशंकर, कोमल सिंह, मुकेश राजपाल व्दारा 10-12 दिन पूर्व हरदा बस स्टैंड से कमताडा को जाने वाले बस में रखे बैग से सोने चांदी के जेवरात चोरी करने की बात बताई है। आरोपियों के विरूध्द थाना टिमरनी में धारा 310(4), 310(5), 310(06) बीएनएस, 25-27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

### इनकी रही विशेष भूमिका

एसडीओपी आकांक्षा तलया, थाना प्रभारी रोशनलाल भारती, उपनि अजय रघुवंशी, उदयराम चौहान, सउनि हेरंब पाण्डेय, राजेश रघुवंशी, आर महेन्द्र, जगमोहन मीणा, धर्मेन्द्र, प्रतीक, निलेश तिवारी की महती भूमिका रही।

## आरोपी अंतरराज्यीय चोर, विभिन्न जिलों में कर रहे थे तस्करी, चोरी और डकैती




**जागरण, हरदा।** एसपी अभिनव चौकसे ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि पकड़े गये सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के आसपास के रहने वाले है। आरोपीयों के द्वारा अवैध मादक पदार्थों के साथ लूट, चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया जाता है। टिमरनी में पकड़ाये 6 आरोपी लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे तथा थाना सिविल लाईन में अवैध मादक पदार्थ के कारोबारी भी उत्तर प्रदेश के ही रहने वाले है। आरोपी जिस स्थान में चोरी करते है वहां पहले सूने स्थान पर मकान किराये से लेते है, इसके बाद शहर में भीड़ भरे इलाकों में हींग, टार्च, अलग-अलग समान बेचने का कार्य करते ,रैकी करते है और मौका पाकर यह चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पकड़े गये आरोपी प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में इस वारदात को अंजाम देने में लगे हुए है। श्री चौकसे ने बताया कि पकड़े गये उत्तर प्रदेश के आरोपीयों से जिले व अन्य जिलों की चोरी किये जाने का खुलासा होने की संभावना है। एसपी श्री चौकसे ने जिले में अब तक अन्य जिलों की तुलना में अपराधियों को पकड़ने में सफलता का दावा किया है। एसपी श्री चौकसे ने कहा कि चूंकि जिला संपन्न जिले के नाम से जाना जाता है तो अपराधियों की नजर भी यहां बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा बैतूल, खंडवा, नर्मदापुरम तथा आसपास के क्षेत्रों की पारदी गैंग का लगभग सफाया कर दिया है। हमने अब तक इनसे 24 चोरी की वारदात तथा एक लूट के साथ 13 आरोपीयों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जिनके द्वारा लगभग 40 लाख रूपये की चोरी का माल जप्त किया गया है।

## न्यूज कार्नर

### फैक्ट्री में लगी आग, दमकलों ने पाया काबू



**जागरण, हरदा।** शुक्रवार सुबह एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। महिला उद्यमी संगीता तिवारी की इस फैक्ट्री में खेती के वेस्ट मटेरियल से कोयला बनाया जाता है। फैक्ट्री के गोदाम में बड़ी मात्रा में भूसा संग्रहित था। सुबह करीब 5 बजे कर्मचारियों को भूसे से धुआं उठता दिखाई दिया। कर्मचारियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने मशीनों की मदद से भूसे को फैलाकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की इस त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

### कोशिश पर्यावरण सेवक टीम ने दी सेवाएं



**जागरण, हरदा।** कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणविद् खम्मूराम विश्नोई जोधपुर के नेतृत्व में कोशिश पर्यावरण सेवक टीम निरंतर स्वच्छता की अलख जगाने हेतु कार्य कर रही है। टीम द्वारा सार्वजनिक आयोजनों में जल संरक्षण करने, झूठा न छोड़ने, पॉलिथीन तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया जाता है। तांबे के लोटों से जल पिलाकर स्वास्थ्य के लिए इसकी आवश्यकता तथा महत्ता बताई जाती है। इसी कड़ी में कोशिश पर्यावरण सेवक टीम द्वारा आज हरदा जिले के ग्राम पीपलघटा में रामदास मांजू के यहां आयोजित शादी समारोह में अपनी सेवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर जोधपुर के डिप्टी कलेक्टर ओम मांजू, बालाघाट में पदस्थ आरआई पुरूषोत्तम विश्नोई, शहीद मां अमृता देवी गौशाला धनगांव के अध्यक्ष रामनाथ पंवार, विश्नोई टाइगर फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पवार ने सेवार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए तांबे के लोटे से जल पिलाया। अतिथियों ने इस कार्य को मनुष्य के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण की रक्षा में अनुकरणीय पहल बताया। कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के मध्य प्रदेश प्रभारी शांतिलाल सारण नीमगांव के नेतृत्व में सुंदरलाल लोल, नर्मदापुरम जिला प्रभारी ईश्वर विश्नोई, देवीलाल पवार, मुकेश कांवा, सूरज कालीराणा, मनोज सारण, यश गोदारा आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### विधायक प्रतिनिधि पर दर्ज मामला झूठा

**जागरण, हरदा।** हरदा जनपद पंचायत में विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता राहुल पटेल पर हंडिया थाना प्रभारी द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज कराये जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला कांग्रेस के प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा यह प्रकरण घटना के कई दिनों बाद पूर्व मंत्री कमल पटेल के दबाव में दर्ज कराया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा की विधानसभा चुनाव तथा हरदा विधानसभा क्षेत्र की दोनो जनपद पंचायतों में हार के बाद कमल पटेल बौखला गए हैं तथा अपने राजनैतिक पराभाव बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, इसलिये वे मध्यप्रदेश में भाजपा का शासन होने का फायदा उठाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे प्रकरण दर्ज करा रहे हैं। इसके पूर्व भी कमल पटेल ने राजेन्द्र पटेल, अनिल बंसल, अजय सिरोही जैसे अपने राजनैतिक विराधियों पर दुर्भावनावश झूठे आपराधिक प्रकरण दर्ज करायें थे, जिनमे अधिकांश मामले न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किये गये। कांग्रेस प्रवक्ता ने हरदा एसपी से निवेदन किया है कि राहुल पटेल पर बनाये गये झूठे प्रकरण की निष्पक्ष जॉच कराये जाने के बाद ही कोई कार्यवाही की जावे। साथ ही यह भी कहा कि यदि इसी तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरूद्ध झूठे मामले बनाये जाते रहे तो कांग्रेस द्वारा एसपी कार्यालय का घेराव किया जावेगा।

### आज खुलेंगे कार्यालय

**जागरण, हरदा।** महानिदेशक पंजीयन मध्यप्रदेश ने आदेश जारी किए हैं कि जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने और शासन के राजस्व को ध्यान में रखते हुए फरवरी माह में शनिवार सार्वजनिक अवकाश के दिन 22 फरवरी को भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। निर्देश है कि शनिवार 22 फरवरी को शासकीय कार्य के लिए खुला रखें।

# डायबिटीज, उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर बीमारियां, इनकी जांच जरूरी: सिंह

## 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों की होगी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच



### स्क्रीनिंग के लिए निरोगी काया अभियान प्रारंभ

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश में निरोगी काया अभियान 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिह ने बताया कि इस विशेष अभियान में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग की जा रही है। स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हितग्राहियों की जांच और उपचार की रिपोर्ट एनसीडी पोर्टल में दर्ज की जाएगी। रोगों की पहचान होने पर त्वरित रूप से आवश्यकतानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सिंह ने बताया कि निरोगी काया अभियान के दौरान स्क्रीनिंग के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न बीमारियों के लक्षण, उससे बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी जाएगी। डायबिटीज, उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर बीमारियां मानी जाती हैं, इसलिए इनकी नियमित जांच बेहद जरूरी है। इस अभियान में नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग को भी शामिल किया गया है। परिवार के सदस्यों में पूर्व में इन बीमारियों के होने पर अपनी जांच अवश्य करवानी चाहिए।

### वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियां बताईं



**जागरण, हरदा।** शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर द्वारा स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में जागरूकता कार्यक्रम अयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की वर्कर सुश्री राजू तंवर द्वारा उपस्थित छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली तथा सेंटर में दी जाने वाली सहायता, आश्रय सहायता, परामर्श सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2005 के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## अवैध नशे के कारोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# तस्करों से साढ़े 10 किलो गांजा जब्त, एक अल्टो कार, 2 बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, हरदा।** पुलिस अधीक्षक हरदा अभिनव चौकसे द्वारा अवैध मादक विक्रय पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे, निर्देशों के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरदा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी हरदा श्रीमति अर्चना शर्मा के नेतृत्व में थाना हंडिया की पुलिस टीम द्वारा 10.5 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 01 लाख 26 हजार रुपये व 02 मोटर सायकल, 01 कार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने पुलिस स्टॉफ की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारों को जानकारी दी। श्री चौकसे ने बताया कि थाने पर मुखबीर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति जिनमे से एक व्यक्ति लाईट काले रंग की जेकेट व काला पैंट पहने है जो लाल रंग की प्लेटीना मोटर सायकल क्रमांक एमपी 47 एमके 8754 व दूसरा व्यक्ति जो पीले रंग की सफेद काले रंग की पट्टी बाली टी शर्ट व काले रंग का लोवर पहने हैं जो सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक एमी 41 सीए 1528 खड़ी कर दोनो व्यक्ति अबैध रूप से मादक पदार्थ गांजा खरीदने बैचने के लिए ग्राम जोगा-साल्याखेडी के रास्ते बैक वाटर के पास जंगल में खड़े है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए हंडिया पुलिस द्वारा टीम गठित कर विवेचना समाग्री के साथ रवाना होकर मुखबीर व्दारा बताये गये स्थान साल्याखेडी रोड ग्राम जोगा बैंक वाटर पास जंगल में मूखबीर द्वारा बताये हुलिया के दो व्यक्ति जिनमे से एक व्यक्ति लाईट काले रंग की जेकेट व काला पैंट पहने है जो लाल रंग की प्लेटीना मोटर सायकल क्रमांक एमपी 47एमके 8754 व दूसरा व्यक्ति जो पीले रंग की सफेद काले रंग की पट्टी बाली टीशर्ट व काले रंग का लोवर पहने है जो सफेद रंग की अल्टो कार क्रमाक एमपी 41 सीए1528 के अलावा एक अन्य व्यक्ति जो सफेद रंग का कुर्ता पजामा जिसकी दाढी बढ़ी हुई एव मोटर सायकल क्रमांक एमपी 41 एमडी 9186 लाल रंग की पेशन प्रो वाहन खड़ी थी, जो पुलिस को देखकर तीनो व्यक्ति भागने कोशिश करने लगे ,जिन्हे हमराह फोर्स व पंचानो की मदद से घेराबंदी पकडे मुखबीर तीनो व्यक्तियों को अभिरक्षा मे लेकर प्रथक प्रथक नाम पता पूछा पहले व्यक्ति ने अपना नाम राकेश पिता शंकर बछानिया जाति कोरकू ठाकुर उम्र 30 साल निवासी जोगा का होना बताया एवं मोटर सायकल प्लेटीना लाल रंग क्रमांक एमपी 47एमके 8754 अपनी होना बताया एवं दूसरे ने अपना नाम आबिद पिता सकूर खा जाति मुसलमान उम्र 34 साल निवासी अतवास थाना सतवास जिला देवास ने सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक एमपी 41 सीए1528 अपनी होना बताया एवं तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम बहीद पिता छितू खां जाति मुसलमान उम्र 36 साल निवासी अतवास थाना सतवास जिला देवास ने मोटर सायकल क्रमांक एमपी 41 एमडी 9186 लाल रंग की पेशन प्रो अपनी होना बताया। आरोपी राकेश बछानिया पिता शंकर बछानिया उम्र 30 साल निवासी जोगा के कब्जे से 02 किलो गांजा, एक मोटर सायकल प्लेटीना लाल रंग की क्रमांक एमपी 47एमके 8754 व एक एन्ड्राईड मोबाईल आरोपी आबिद खा पिता सकूर खा उम्र 34 निवासी अतवास थाना सतवास जिला देवास के कब्जे से किलो गांजा, एक सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक एमपी 41 सीए 1528 व एक एन्ड्राईड मोबाईल, एक इलेक्ट्रानिक तौल कांटा व आरोपी बहीद पिता छितू उम्र 36 निवासी अतवास थाना सतवास जिला देवास के कब्जे से 6 किलो 500 ग्राम गाजा, लाल रंग की पेशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एमपी 41 एमडी 9186 व एक एन्ड्राईड मोबाईल जप्त किया गया।

इस प्रकार तीनो आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती 126000 रूपये का जप्त कर घटना मे प्रयक्त वाहन व तीन नग मोबाईल तथा इलेक्ट्रानिक तौल कांटा जप्त किया गया । तीनो आरोपियो गिर तार किया जाकर आरोपियो के विरूध्द धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामप्रसाद कवरेती, उनि अशोक अहिरवार, प्रआर कंचन राजपूत, दीपक जाट, आर नितेश कुशवाह की महती भूमिका रही।

# फिर एक आदिवासी नाबालिग हुई दरिंदे की हवस का शिकार

**जागरण, सिराली।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम होती नजर आ रही है। यही कारण है कि कानून का डर अपराधियों को नहीं रहा, जैसा कि यूपी सरकार में बलात्कारी पर सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से मकान को डहा दिया जाता है, ताकि दोबारा कोई अपराधी नाबालिक बेटियों की और आंख उठाकर ना देख सके, लेकिन सिराली थाना अंतर्गत आए दिन नबालिग को हवस का शिकार बनाया जा रहा है। विगत 16 फरवरी को ग्राम बालाखेड़ा में भी 15 वर्षीय छात्रा को समीर खान ने अपनी हवस का शिकार बनाया था, लेकिन मकान पर बुलडोजर नहीं चलने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। यही कारण है कि एक हफ्ता भी नहीं बीता की 17 साल की नाबालिग को फिर हवस का शिकार बनाने का मामला सामने आया है।

### क्या है मामला




सिराली के एक मोहल्ले के रहने वाली आदिवासी नाबालिग मजदूरी का कार्य करती है। वह नगर में चलने वाले बजरी के ट्रैक्टर पर कई दिनों से कार्य करती रही। ट्रैक्टर ड्राइवर अरबाज शाह पिता इकबाल शाह, दिलीप पिता केवल राम ने मिलकर नाबालिक को अपने प्रेम के जाल में फंसा कर कई दिनों तक शारीरिक शोषण करते रहे।

इसके बावजूद भी मन नहीं भरा, नाबालिक का पिता मजदूरी करने दूसरे राज्य में गया तो जिसका फायदा उठाकर अरबाज शाह ने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया, जिसकी शिकायत उसके भाई ने सिराली थाना पहुंचकर की। भाई की शिकायत के बाद पुलिस सक्रीय हुई और उसे इंदौर के पास महू से नाबालिक को बरामद आरोपी अरबाज शाह के खिलाफ बालात्कार, पास्को, एसीएसटी की धाराएं लगाकर एवं दिलीप पिता केवल राम पर 363, 366 का मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा। वहीं नाबालिग को परिवार के सुपुर्द किया गया।

### ऐसे फंसाया नाबालिग को प्रेम जाल में

गरीब परिवार की बेटियां अपना परिवार चलाने के लिए कहीं ना कहीं मजदूरी का कार्य करती है, लेकिन कुछ अवसरवादी दरिंदे इन नाबालिक बेटियों को गिद्ध की नजर लगाए रहते हैं और जहां मौका मिलता है, वहां उसे दबोच लेते हैं। क्षेत्र में चलने वाले ट्रैक्टर ट्राली जो भाड़े का कार्य करते हैं, आसपास के क्षेत्र की नदियों से बजरी भरकर जरूरतमंदों के यहां बेचते हैं। इस कार्य के निमित्त गरीब आदिवासी बालिकाओं को काम के बहाने घर से रोजाना ले जाते हैं और उन्हें लालच देकर प्रेम जाल में फंसा लेते हैं फिर उनका शारीरिक शोषण कई समय तक चलता रहता है। जब भी परिवार कहीं मजदूरी के नाम पर बाहर जाता है, तब उन्हें शादी के नाम पर बहला फुसला कर भाग ले जाते हैं और उनका शारीरिक शोषण करते हैं। कुछ समय बाद या तो उससे मन भरने के बाद बेच देते हैं या फिर उसका धर्म परिवर्तन कर उसे प्रताड़ित करते हैं। ऐसे कई उदाहरण सिराली क्षेत्र में देखने को मिल सकते हैं।

### अपराधियों में नहीं है कानून का खौफ

प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों में यूपी सरकार की तर्ज पर बलात्कारी पर सख्त कार्रवाई और घर पर बुलडोजर चला कर आर्थिक नुकसान कर आरोपियों को सबक सिखाया जाता था, लेकिन वर्तमान में बलात्कारियों के हौसले इतने बढ़ते जा रहे हैं कि आए दिन नाबालिक आदिवासियों को निशाना बना रहे हैं। विगत दिनों करीबी ग्राम वालाखेड़ा में भी एक 16 वर्षीय नाबालिक को अपनी हवस का शिकार बनाया था। उक्त घटना को 8 दिन भी नहीं बीते की सिराली में भी आदिवासी नाबालिक को अपना शिकार बना लिया। इन अपराधियों के हौसले इसलिए भी बुलंद हो रहे हैं कि मोहन सरकार में बुलडोजर के पहिए थम गए हैं, इस कारण बलात्कारियों में कानून का खौफ नहीं बचा।

## निःशुल्क रोगानुसार योग शिविर 24 से

**जागरण, हरदा।** भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में व्यक्ति के उत्थान, उन्नति, स्वस्थ विचाराधारा एवं अपने दायित्वों को संपूर्ण कुशलता के साथ निर्वहन के उद्देश्य से निः शुल्क रोगानुसार योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति जिला उपाध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि निःशुल्क रोगानुसार योग शिविर दिनांक 24 फरवरी से 2 मार्च तक प्रातः 5.30 से 7. 30 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर परिसर हरदा में आयोजित होगा। योग शिविर में उपस्थित होकर योग के तरीकों से अवगत होने के साथ स्वास्थ लाभ ले सकते हैं। योग के माध्यम से रोगी को निरोगी बनाया जा सकता है एवं निरोगी के स्वास्थ की रक्षा की जा सकती है। आयोजकों ने शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया।